न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख दायर 16.5.2022

प्रकरण संख्या :- 172/2022

रमेशचन्द्र पिता जगन्नाथ जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी लक्ष्मीनिवास तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थी

बनाम्

1. कन्हैयालाल पिता उदा जाति कराड उम्र वयस्क निवासी गोपालपुरा तहसील बिजोलियां जिला भीलवाडा
2. दिनेश कुमार पिता शम्भुलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी लक्ष्मीनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा
3. कजोड पिता घासी जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी लक्ष्मीनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा
4. भगवानलाल पिता किशोर जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी लक्ष्मीनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा

..........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक 16.5.2022

प्रार्थना पत्र रमेशचन्द्र ने जरिये अभिभाषक श्री **पंकज कुमार धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि मौजा ग्राम लक्ष्मीनिवास पटवार हल्का गोपालपुरा तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 130 पर अंकित आराजी संख्या 359, 362 रकबा 1.4406 हे0 भूमि** स्थित है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जि. भीलवाड़ा

......................निरन्तर पेज संख्या 2 पर